वेबसाईट : www.abvp.org

पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 23 अप्रैल 2021

-: शोक सन्देश :-

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आंध्र प्रदेश के प्रांत संगठन मंत्री श्री चेन्नुपली मणिकंठेश्वर राव का कोरोना के कारण फेंफड़ों में संक्रमण से दुःखद निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से समस्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिवार गहन दुःख तथा पीड़ा में है।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर ज़िले के रहने वाले मणिकंठेश्वर जी ने गुंटूर के प्रतिष्ठित टी.जी.पी.एस. महाविद्यालय से B.Com एवं पत्राचार माध्यम में आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटूर से MSW की शिक्षा पूर्ण की थी। आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे तथा वर्ष 2002 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े। छात्र समुदाय एवं समाज के लिए संपूर्ण समर्पण भाव से निरन्तर कार्य करते हुए भारत माता के सेवार्थ अपना जीवन समर्पित करते हुए आप वर्ष 2007 में अभाविप के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बने। अभाविप में विभाग संगठन मंत्री, प्रान्त सह संगठन मंत्री आदि दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए वर्ष 2017 से आन्ध्र प्रदेश के प्रान्त संगठन मंत्री रहे। आप निरंतर छात्रों के कल्याण हेतु प्रयासरत रहे, कोरोना संक्रमण काल में भी वे निष्ठापूर्वक सेवा कार्य में अग्रसर रहे।

उनका असामायिक निधन समस्त अभाविप परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. छगनभाई पटेल, राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान एवं राष्ट्रीय सह संगठनमंत्री श्री जी. लक्ष्मण ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुःख तथा पीड़ा भरे इस समय में सम्पूर्ण अभाविप परिवार श्री चेन्नुपली मणिकंठेश्वर राव जी के परिवार के साथ है तथा उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।

(यह शोक सन्देश केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी किया गया है।)